जनपद हमीरपुर

दिनांक -18.06.2026

आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई पीस कमेटी की बैठक।

जनपद हमीरपुर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 18.06.2026 को श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, ताजिया जुलूसों के निर्धारित मार्गों का पालन, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

श्रीमान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से आपसी भाईचारा एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दें।

बैठक में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का प्रभावी एवं समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे मोहर्रम पर्व पूर्ण सुरक्षा, शांति एवं सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सरीला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।